### बड़वारा और बरही थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटनाएं, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

# सड़क हादसों में बाइक सवार दो युवकों की थमी सांसें, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भदावर में एक फैक्ट्री के समीप अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार एक युवक को टक्कर मार दी। बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। वाहन की जोरदार टक्कर लगने के कारण बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झरेला निवासी 40 वर्षीय राजेश सिंह पिता विजय बहादुर सिंह गत सुबह लगभग 9 बजे अपनी बाइक से जा रहा था। इसी दौरान ग्राम भदावर स्थित भाईजान की फैक्ट्री के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक सवार राजेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद शव को अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए ताही 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज



कर अज्ञात वाहन की तलाश प्रारंभ कर दी है।

इसी तरह बरही थाना क्षेत्र के ग्राम डोकरिया के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर लगने के कारण बाइक सवार युवक उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए बरही अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे कटनी रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए जांच कार्यवाही शुरू कर दी है।

बरही थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने बताया कि ग्राम सिजहारा निवासी 24 वर्षीय अमन कोल अपने एक अन्य साथी 24 वर्षीय अरुण कोल के साथ अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था। रात लगभग 9 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम डोकरिया में स्थित हाई स्कूल के समीप अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अमन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि अरुण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अरुण को प्राथमिक उपचार के बाद बरही से कटनी रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304ए ताहिं 184 एमव्ही एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### छत से गिरे युवक की मौत

खिहरनी फाटक क्षेत्र निवासी एक युवक की मौत हो गई। युवक पतंग पकड़ने के दौरान छत से नीचे गिर गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार खिरहनी फाटक निवासी 25 वर्षीय प्रभाकर चौधरी गत दिवस अपने घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था इसी बीच एक पतंग कटकर आ रही थी जिसे पकड़ने के प्रयास में वह छत से नीचे गिर गया। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ढीमरखेड़ा में जन मन योजना के तहत मेगा ईवेंट आज होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत सोमवार 15 जनवरी 2024 को मेगा ईवेंट कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के महात्मा गांधी ग्राउंड में किया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ढीमरखेड़ा को कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर जिले के विभागीय अधिकारियों की डियुटी लगाई जाकर आवश्यक दायित्व सौपे है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार वनमण्डलाधिकारी कटनी को कार्यक्रम स्थल पर वीडीवीके का प्रदर्शन व वनोपज से संबंधित स्टॉल लगवाने का दायित्व प्रदान किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा को कार्यक्रम स्थल की संपूर्ण व्यवस्था हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल तक लानें एवं ले जाने सहित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने संबंधी दायित्व सौंपा गया है।

तकनीकी निर्देशक राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान केन्द्र कटनी तथा प्रबंधक ई- गवर्नेस को कार्यक्रम स्थल पर टू वे कनेक्टिविटी संबंधित संपूर्ण व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य विभाग को कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करनें व आयुष्मान शिविर आयोजित करनें हेतु निर्देशित किया गया है।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी परिवहन विभाग को मुख्य कार्यपालन अधिकारी ढीमरखेडा से समन्वय स्थापित कर आवश्यक वाहन की सुविधा उपलब्ध करानें, अधीक्षण अभियंता मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को कार्यक्रम स्थल पर निर्बाघ विद्युत व्यवस्था सहित जिला संयोजक अनुसूचित जाति जनजाति कार्य विभाग को फ्लैक्स बैनर, बैकड्राप स्टण्डी आदि बनवानें व हितग्राहियों के स्वीकृति आदेश, आमंत्रण पत्र आदि प्रिंटिंग की व्यवस्था का दायित्व सौपा गया है।

प्रबंधक ई- गवर्नेस कटनी को आधार कार्ड हेतु शिविर आयोजित करनें सहित जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला संयोजक अनुसूचित जाति जनजातीय कार्य विभाग को कार्यक्र स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रों का आयोजन करनें के साथ ही स्टाल लगाने निर्देशित किया है।

### खबर संक्षेप



#### कर्नाटक में फंसे श्रमिकों की सुरक्षित वापसी

**कटनी।** श्रम पदाधिकारी के बी मिश्रा ने बताया कि जिला कटनी अंतर्गत ग्राम पहाड़ी- निवार के श्रमिकों की सुरक्षित वापसी रविवार को सुबह हो चुकी है। सभी मजदूर करीब 4 बजे सुबह अपने गृह ग्राम पहाड़ी निवार पहुचे है। ज्ञात हो की श्रमिकों की कर्नाटक में फसे होने की जानकारी कलेक्टर अवि प्रसाद को पता चलते ही सभी श्रमिकों को वापस बुलाने के निर्देश दिए गये थे। जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से सभी श्रमिकों को सुरक्षित वापस बुलाया जा चुका है। इस दौरान मुकेश द्विवेदी सामाजिक कार्यकर्ता का सहयोग रहा।

#### 22 जनवरी तक जिले के समस्त मतदान केन्द्रों पर जुड़ेंगे नाम

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के आधार फोटो निर्वाचक नामावली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 का प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी को किया जा चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने कहा है कि 22 जनवरी तक जिले के समस्त मतदान केन्द्रों पर छूटे हुए, पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़े जाने हेतु बी.एल.ओ. उपस्थित रहेंगे। इस कार्य हेतु 20 जनवरी को भी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष कैम्प आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रसाद ने आमजनो से कहा है कि जो युवाजन 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है, वे अपना नाम निर्वाचक नामावली (वोटर लिस्ट) में जुड़वाने हेतु फॉर्म नंबर -6 भरकर जुड़वा सकते है। जिनके नाम पूर्व से ही सूची में है तथा उनका मतदान केन्द्र या विधानसभा, जिला इत्यादि बदल गया हो, वे भी नवीन स्थल पर नाम जुड़वाने की कार्यवाही कर सकते है। उन्होंने कहा है पुराने स्थान से नाम हटाने हेतु फार्म नंबर-7 भरना होगा तथा जिनके नाम मतदाता सूची में पहले से है, और वो किसी प्रकार का संशोधन करवाना चाहते हैं, तो उसके लिए फॉर्म नंबर-8 भरकर संशोधन की कार्यवाही कर सकते है। मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनवाने में सभी का सहयोग आपेक्षित है।

#### सांसद ने तकनीकी शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**कटनी।** सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कटनी जिले के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मे नवीन पाठयक्रम के रूप में डिप्लोमा इन माईनिंग एंड माइंस सर्वेयिंग प्रारंभ करने के लिए प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को पत्र लिखा है। सांसद श्री शर्मा ने मंत्री श्री परमार को लिखे पत्र में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा आयुक्त तकनीकी शिक्षा को लिखे पत्र का भी उल्लेख किया है। सांसद ने पत्र मे लिखा है कि कटनी जिले के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मे नवीन पाठयक्रम डिप्लोमा इन माईनिंग एंड माइंस सर्वेयिंग शुरू करने से संबंधित सभी जरूरी कार्यवाहियां पूर्ण कर ली गई है। साथ ही आयुक्त तकनीकी शिक्षा भोपाल को प्रस्ताव और विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में निर्धारित प्रारूप में डी.पी.आर तैयार कर भी दो प्रतियों मे भेजी जा चुकी है। सांसद ने पत्र में लिखा है कि कटनी जिले में स्थित माईनिंग उद्योगों की बहुलता के कारण माईनिंग कार्य में दक्ष कुशल श्रमिकों की आवश्यकता है। नवीन पाठयक्रम डिप्लोमा इन माईनिंग एंड माइंस सर्वेयिंग प्रारंभ हो जाने से जिले में दक्ष कुशल श्रमिक प्राप्त होने के साथ - साथ क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो जायेंगे। अतः इन सभी दृष्टियों और स्थितियों को देखते हुए शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में नवीन पाठयक्रम डिप्लोमा इन माईनिंग एंड माइंस सर्वेयिंग प्रारंभ किये जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित करने का आग्रह सांसद श्री शर्मा ने किया है।

### टीकाकरण अभियान को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

## पहली बार लगाया जायेगा 18 वर्ष से अधिक के व्यक्तियों को बीसीजी का टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला क्षय अधिकारी डॉ शैलेन्द्र दीवान ने बताया की भारत शासन द्वारा संपूर्ण भारत में आगामी दिनों में वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान में 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को टीका लगाया जायेगा। इस संबंध में कटनी में जिला स्तरीय व्यस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित हुई। वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान के लिए स्टेट ट्रेनर जिला स्तरीय व्यस्क बीसीजी कायशाला में प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में जिला क्षय नोडल



अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र दीवान ने बताया कि टी.बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में एक फरवरी से 15 मार्च तक व्यस्क बी.सी.जी वैक्सीनेशन अभियान संचालित होगा। अभियान में अध्ययन जनसंख्या समावेशन मानदंड लक्ष्य जनसंख्या अनुसार 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के वे व्यक्ति हैं, जिन लोगों में पिछले 5 वर्षों में कम से कम एक बार टीबी होने की सूचना है, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति, तम्बाकू धूम्रपान के इतिहास वाले व्यक्ति (वर्तमान/पूर्व उपयोगकर्ता)- स्वयं द्वारा रिपोर्ट किए गए, टीबी रोगियों के करीबी संपर्क, मधुमेह के इतिहास वाले व्यक्ति (स्व-रिपोर्ट), 18 किलोग्राम प्रति वर्गमीटर से कम बॉडी मास इंडेक्स वाले व्यक्ति को लक्षित किया जाकर वैक्सिीनेशन किया जायेगा।

जिला क्षय अधिकारी ने बताया कि माइक्रोप्लानिंग, कोल्ड चेन और वैक्सीन कैरियर का प्रबंधन, टीकाकरण संत्र का प्रबंधन रिकॉर्ड, रिपोर्ट और कार्य के लिए आनलाइन डेटा रिकॉर्डिंग- रिपोटिंग, बीएमडब्ल्यू प्रबंधन, आईपीसी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभियान के पूर्व आशा कार्यकर्ता द्वारा निर्धारित प्रपत्र अनुसार हेडकाउन्ट सर्वे किया जायेगा।

## महिला मोर्चा ने किन्नरों का किया सम्मान



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जैन सोगानी के नेतृत्व में ट्रांसजेंडर्स एवं किन्नर समाज से संपर्क एवं संवाद कार्यक्रम किया गया। जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने संवाद करते हुए बताया कि राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सभी वर्ग एवं समाज के लोगों में अपार हर्ष की लहर है सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास एवं सभी को साथ लेने की मुहिम के अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित किन्नर समाज से दुर्गा दीदी एवं पिंकी दीदी के सभी शिष्यों का शाल पुष्पहार एवं मिष्ठान कराकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष रणवीर कर्ण, गीता गुप्ता, जिला मंत्री एवं प्रभारी अंकिता तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नीलिमा असोढिया, हीरामणी बरसैया, सुनीता गुप्ता, मधु अग्रवाल, शशि विश्वकर्मा, रेखा यादव, शशि दुबे, संगीता मेघानी कुक्कु, आरती, निशा नामदेव, सुमन, रामलली, सायरा बानो, सहित महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## 435 किलो महुआ लाहन एवं 12 लीटर मदिरा की जब्त, आठ प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय और निर्माण रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी कटनी के निर्देशन में शनिवार को आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 02 के अंतर्गत दबिश दी गई।

दबिश के दौरान खिरहनी फाटक, नई बस्ती, निमिया हार एवं तेलियनपार में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के ठिकानों पर आबकारी की टीम बी द्वारा की 435 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 12 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई। जप्त



किये गये महुआ लाहन एवं मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 45 हजार 300 रूपये है। कार्यवाही के दौरान कुल 08 न्यायालयीन प्रकरण आबकारी अधिनियम की पंजीबद्ध किये जाकर विवेचना में लिए जाकर मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल, केशव प्रसाद उईके एवं सुश्री मोना दुबे आबकारी आरक्षक राजेश गोंटिया, शिवमूरत नामदेव, सी पी त्रिपाठी शामिल रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दी ग्रुप डांस की प्रस्तुति

## रन फॉर कटनी में विद्यार्थियों, नागरिकों सहित समाजसेवियों ने भी लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रविवार को रन फॉर कटनी का आयोजन किया गया। सुबह 6 बजे कड़ाके की ठंड होने के बावजूद छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवा एवं बुजुर्गों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। रन फॉर कटनी मैराथन दौड़ शुरू होने के पहले वार्मअप सेशन कराया गया। देशभक्ति गानो व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। जिनपिया गुरनानी, अलोक कचेर, पिया गुरनानी, रोहित महरोत्रा द्वारा लीड कराया गया।

जिला एथलेटिक संघ एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कटनी महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, कार्यक्रम आयोजक एडवोकेट मौसूफ बिट्टू, मनीष गेई ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर कटनी को रवाना किया। रन फॉर कटनी स्टेशन चौराहे से शुरू होकर सुभाष चौक, मिशन चौक, चांडक चौक, आदर्श कॉलोनी, तिराहा घंटाघर, गर्ग चौराहा, बरही रोड होते हुए स्टेशन चौराहे पहुंच कर दौड़ समाप्त हुई। मैराथन दौड़ का जगह जगह स्वागत किया गया। नगर निगम के सामने डीपीएस स्कूल परिवार द्वारा, चांडक चौक श्रीवास परिवार द्वारा, जालपा देवी मडिया के पास अर्पित चौदहा परिवार द्वारा, घंटाघर के पास यूथ हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा वॉटर, ड्रिंक एंड फास्टफूड की व्यवस्था की गई। रन फॉर कटनी में जिले के समस्त स्कूलों-कोलेजों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों एवं छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को निशुल्क टी शर्ट व टोपी भी दी गई।

नारी शक्ति सम्मान के रूप में महिलाओं एवं बेटियों का भी सम्मान किया गया जिसमें श्रीमती दीपा साहनी, सौम्या रांधेलिया, सावी भक्तानी, अमिता श्रीवास मुख्य रूप से शामिल रहे।

रन फॉर कटनी में हजारों की तादाद में लोग पहुंचे। इसमें युवा, बच्चे, महिलाएं युवतियां व उम्र दराज लोग शामिल थे। इस कार्यक्रम में शामिल होकर हर वर्ग मानो युवा लग रहा था। सभी ने जमकर मौज मस्ती की और कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

इस अवसर पर बच्चों ने ग्रुप डांस के माध्यम से समाज में एकता एवं स्वस्थ रहने का संदेश दिया गीतांजलि कला परिषद की संचालक सपना नामदेव द्वारा ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी गई। रॉक बैंड लाइव की प्रस्तुति दीपक अंश मनीष राज टीम द्वारा की गई रन फॉर कटनी में मंकी मैंन आकर्षण का केंद्र रहा।

रन फॉर कटनी कार्यक्रम में डॉक्टर मनीष गट्टानी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, अरविंद गोगालिया, आशुतोष मनु दीक्षित, चंद्रकांत जैन, सुदामा सचदेवा, शशांक अग्रवाल, पीयूष जैन, मनीष गेई, चीनी चेलानी आदि मौजूद रहे।

### महापौर का पूजन सामग्री विसर्जित करने प्रेरणास्पद सराहनीय कार्य

## मंदिरों एवं घरों से पूजन सामग्री को लेकर जायेगे ननि के वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने पूजन सामग्री को एकत्रित कर विसर्जित करने का धर्म के प्रति अभिनव सराहनीय कार्य किया है।

निगम में महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने संकटमोचन धाम के पीठाधीश्वर पं ऋषिकृष्णा शास्त्री महाराज के कर कमलों से शुभारंभ कराया। महापौर ने सभी धर्मगुरुओं से विधिवत पूजन कराया तथा गुरूजनों को मंच पर आसीन किया। महाराज महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगम अध्यक्ष मनीष पाठक आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी महामंत्री सुनील उपाध्याए श्रीमद भागवत कथा दिव्य दरबार के आयोजक प्रवीण बजाज पप्पू भैया अजय शर्मा विनोद यादव नरेश अग्रवाल, एमआईसी सदस्यो में शिब्बू साहू रमेश सोनी बीना बैनर्जी सुमन राज माखीजा शशिकांत तिवारी जयनारायण निषाद गोविंद चावला सीमा श्रीवास्तव शकुनतला सोनी श्याम पंजवानी संतोष शुक्ला उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार



प्र कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा ने पुष्पगुच्छ पुष्पमालाओं से स्वागत किया।कार्यक्रम का सफल संचालन राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने किया।

शुभारंभ अवसर पर पं ऋषिकृष्णा शास्त्री महाराज ने कहा कि महापौर श्रीमति सूरी ने पूजन सामग्री एकत्रित करने का प्रेरणास्पद सराहनीय कार्य किया है सुखद संयोग तो यह है कि राहुल बाग में श्रीमद भागवत कथा दिव्य दरबार के पहले महापौर के पूजन सामग्री के वाहनों का शुभारंभ हो रहा है।कथा स्थल की पूजन सामग्री भी इन्हीं वाहनों से विसर्जित होने जायेगी। महाराजजी ने कहा कि अयोध्या में राम 22जनवरी को आ रहे है तो कटनी में उसके बाद 2 फरवरी को श्याम आ रहे है।महाराज जी ने अयोध्या में रामलला के दर्शन को तरसती आंखों पर प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यों को और कटनी निगम में महापौर श्रीमति सूरी के कार्य की सराहना की।

### सौभाग्यशाली हूं, संतो का आशीष मिला : महापौर

कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि संतो के करकमलो से पूजन सामग्री एकत्रित करने वाले वाहनों का शुभारंभ हो रहा है।महापौर ने कहा कि पूजन सामग्री एकत्रित करने के लिये दो वाहन शहर के मंदिरों में पहुंचकर सामग्री एकत्रित करके नदी में विसर्जित की जायेगी यह सभी के सहयोग से संभव हो रहा है।

### शास्त्रीजी ने दिखायी हरी झंडी

नगर पालिक निगम गेट पर पूजन सामग्री एकत्रित करने वाले वाहनों को पं ऋषिकृष्णा शास्त्री महाराज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर संजू नाकरा सुरेन्द्र पप्पू जायसवाल प्रभात तिवारी सहित नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## 22 जनवरी तक चल रहा है विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कटनी जिले के नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों की उपस्थिति को देखते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद ने नगर पालिक निगम और नगर परिषद को दिशा-निदेश जारी किये है। यह अभियान 22 जनवरी तक सघन रूप से जारी रहेगा। जिले में अभियान की शुरूआत 14 जनवरी से की जा चुकी है। निर्देशों में कहा गया है कि नगरीय निकायों में सभी सार्वजनिक और आवासीय क्षेत्रों में नागरिकों की भागीदारी से सघन सफाई अभियान चलाया जायें। इस दौरान निकायों में सफाई व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जायें। अभियान के दौरान विशेष रूप से मंदिरों के आसपास स्थानीय नागरिकों, जन-प्रतिनिधियों और युवाओं की भागीदारी अधिक से अधिक सुनिश्चित की जायें। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा है कि नगरीय क्षेत्रों के सभी मंदिरों और पवित्र नदियों-जलाशयों पर प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जायें। इस मौके पर दीपदान के लिये निकायों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के साथ व्यवसायिक गतिविधियों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिये है।

निर्देशों में कहा गया है कि स्वच्छता अभियान के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिये स्थानीय स्तर पर रंगोली प्रतियोगिता, श्रेष्ठ कार्य करने वाले युवाओं को पुरस्कृत किया जाये। निकाय स्तर पर जन संगठनों के माध्यम से अध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिचर्चा, नृत्य नाटिका और भजन संध्या का आयोजन किया जायें। निकाय में स्थित उच्च शिक्षा के प्रतिष्ठानों में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के प्रसंगों पर परिचर्चा कराई जायें।

## खबर संक्षेप



### घर घर पीले चावल देकर आमंत्रण दे रहे है राम भक्त

**सिलौंडी।** सिलौंडी सहित पूरे क्षेत्र में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण घर घर जाकर पीले चावल देकर राम भक्त का दल लोगों को आमंत्रित कर रहा है। ग्राम लालपुर एवँ संगमा में भाजपा मंडल महामंत्री मनीष बागरी अपने सहयोगियों के साथ प्रत्येक घर घर में जाकर पीले चावल देकर लोगों को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण देकर रहे है। मनीष बागरी ने बताया 22 जनवरी 2023 गांव में ही बड़ी स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन का लाइव प्रसारण दिया जायेगा। सिलौंडी में भी राम भक्तों का दल सुबह प्रभात फेरी श्री बालाजी मंदिर से शुरू कर पूरे गांव में भमण करता है। इसके बाद राम भक्तों का दल सुबह 7 से 9 बजे तक रोज घर घर जाकर पीले चावल देकर लोगों को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण दे रहा है ।

### ठंडे बस्ते में कालेज का नामकरण

**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय उमरियापान को पूर्व विधायक स्व ताराचंद चौरसिया के नाम पर रखे जाने के प्रस्ताव को अब तक राजधानी भोपाल से मंजूरी नहीं मिल पाई है। जबकि 6 माह पहले प्रस्ताव भोपाल भेजा जा चुका है। वह फिलहाल ठंडे बस्ते में है। जानकारी अनुसार शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह ने भी क्षेत्र के लोगों की माँग पर शासन स्तर पर पत्राचार किया था।उल्लेखनीय है स्व ताराचंद चौरसिया क्षेत्र का गौरव होने के साथ वरिष्ट भाजपा नेता रहे। वे आपातकाल के दौरान जेल भी गए। 1977 में क्षेत्र से विधायक भी चुने गये थे। साथ ही पार्टी के विभिन्न पदों पर भी रहे।

### आवारा कुत्तों की बढ़ रही फौज, कर रहे घायल

**कटनी।** नगर में आवारा कुत्तों की बढ़ती फौज लोगों को काटकर लहुलुहान कर रही है। गत दिवस लखेरा सहित अन्य स्थानों में एक ही दिन में 14 लोगों को कुत्तों ने काटकर लहूलुहान कर दिया। घायल उपचार के लिए अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। शहर में शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जहां आवारा कुत्तों की फौज न दिखाई पड़े । आवारा कुत्तों का आतंक दिन - ब - दिन बढ़ता जा रहा है । इसका खामियाजा राहगीरों व मोटरसाइकिल सवारों को भुगतना पड़ रहा है । शहर के विभिन्न वार्डों की सड़कों व गलियों में बैठे आवारा कुत्तों की झुंड से लोगों में दहशत है । कई बार कुत्तों से बचने के लिए बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर पड़ते हैं । लोगों के घायल होने की घटना आम हो गई है । नगर में आवारा कुत्तों की संख्या में हर वर्ष वृद्धि होती जा रही है । शहर का कोई ऐसा कोना नहीं है जहां आवारा कुत्तों की फौज न दिखाई पड़े । नगर निगम की हांका गैंग द्वारा बीच बीच में आवारा कुत्तों को पकड़ने कार्यवाही की जाती है लेकिन बावजूद इसके कुत्तों की फौज बढ़ रही है। आवारा कुत्तों को पकड़कर जंगल मे छोडे जाने के बाद भी प्रजनन दर के चलते इनकी संख्या में वृद्धि हो रही है। आवारा कुत्ते के हमले आए दिन हो रहे हैं।

मकर संक्रांति पर हर वर्ष होता है मेले का आयोजन, जलकुंड आकर्षण का केंद्र

# प्राकृतिक सुंदरता व आस्था का केन्द्र है कुड़िया धाम, मेले में उमड़ता है सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

प्राकृतिक सुंदरता, जलकुंड से सुशोभित स्थल एवं धार्मिक आस्था का केंद्र रोहनियां के कुड़िया धाम में रविवार से मेले का आयोजन किया गया। 20 जनवरी तक चलने वाले मेले में दूर दूर से लोग पहुंचते हैं। यहां प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर भव्य मेला भरता है। मेला स्थल के समीप भगवान शिव की भव्य एवम आकर्षक मंदिर स्थित है एवम सिद्ध धाम में सिद्ध बाबा की प्रतिमा स्थापित है जिनके दर्शनों को जनसैलाब एकत्रित होता है। कुड़यि घाट धाम में गौमुख से शीतल जल की धारा निरन्तर प्रवाहित होती रहती है। कुड़यि घाट धाम में ही दो जल कुंड हैं जिसमे एक जल कुंड से शीतल जल निकलता है एवम दूसरे से गर्म जल निकलता है जिसको देखने मेला देखने आए लोग भारी तादाद में पहुंचते हैं।

पहले नदी घाट के ऊपर जहां मेला लगता आ रहा है ,वही सर्किट हाउस भवन भी था , धीरे धीरे देखरेख के अभाव में भवन तो ध्वस्त हो गया लेकिन उस दौर में तत्कालीन राज परिवार के प्रथम मुख्तियार लाला देवी सहाय निगम की 93 वर्षीय बहू श्रीमती फूलन निगम आज भी उस दौर की बातों को याद करके संस्मरण सुनाते सुनाते भावुक हो जाती हैं । उन्होंने बताया कि तब राजा साहेब के द्वारा प्रतिष्ठित कुड़िया धाम में स्थापित मंदिर जिसमें विशाल शिवलिंग और नादिया बाबा की पाषाण मूर्ति आज भी स्थापित है । पास ही अन्य मंदिर भी थे जिनमें कभी माता पार्वतीजी की शानदार और प्राचीन शिल्पकला की अद्भुत मूर्ति थी ,तत्कालीन राजा साब द्वारा विशाल जलसे जे रूप में ग्रामीणों और तत्कालीन पुरोहितों के मार्गदर्शन में भगवान की डोल यात्रा भी निकाली जाती थी जिसका समापन कुड़िया धाम के भव्य मंदिर में होता था ,भंडारे और प्रसाद प्राप्त करने आसपास के तमाम गांव शहरों से श्रद्धालुजन आते थे ,भव्य मेला लगता था चूंकि तब आवागमन के साधन भी बहुत सीमित थे अतः मेला और मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में लोग रात्रि विश्राम करते थे ,सुबह से ही उठकर मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित मेले में नदी में डुबकी लगाकर शंखनाद और मंदिर में स्थापित विशाल घंटनाद के बीच विधिविधान से पूजा अनुष्ठान आयोजित होते थे , विशिष्ट अतिथियों के लिए प्रांगण में ही सर्किट हाउस में ठहरने का प्रबंध होता था।



### कलेक्टर भी हुए प्रभावित

रोहनिया में स्थित कुड़िया धाम आश्रम को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर द्वारा प्रबंध संचालक मप्र पर्यटन बोर्ड भोपाल को पत्र भी लिखा गया है। साथ ही गत माह हुई जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक में इस विषय पर विचार विमर्श कर कुड़िया धाम रोहनिया के सौंदर्यीकरण के लिए कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक विभागीय स्वीकृति प्राप्त कर पहल करने निर्देशित भी किया गया था। उल्लेखनीय है कि ग्राम रोहनिया अंतर्गत कुड़िया धाम में प्राचीन प्राकृतिक कुंड, प्राचीन गुफाएं और झरने जैसे कई दार्शनिक स्थल हैं।



# रात्रि भ्रमण के दौरान अवैध शराब के ठिकाने में दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रात्रि के समय आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। गत रात्रि रंगनाथ नगर थाना पुलिस ने क्षेत्र के औचक भ्रमण के दौरान अवैध शराब के ठिकाने पर दबिश देते हुए आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि थाना क्षेत्र में सक्रिय आपराधिक गतिविधियों एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। एसपी श्रीरंजन के निर्देशानुसार आज देर शाम क्षेत्र का भ्रमण करते हुए उन स्थानों का भी भ्रमण किया गया जो कि एकदम सुनसान पड़े रहते हैं।

सुनसान मैदान में शराबखोरी जुआ सहित अन्य आपराधिक घटनाएं होने की आशंका रहती है इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए ऐसे चिन्हित स्थलों पर भी पेट्रोलिंग की गई।

पेट्रोलिंग करते हुए थाना क्षेत्र में एक जगह अवैध शराब विक्रय किए जाने की सूचना मुखबिर द्वारा दी गई जिस पर रेट कार्रवाई करते हुए आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति बहाल रखने के लिए इस तरह की गतिविधियां आगे भी संचालित की जाती रहेगी।

17 नये निक्षय मित्र एवं रेड क्रास सदस्य बने

# बच्चों को स्कूल बैग, जूते, स्वेटर एवं खेल सामग्री का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विजयराघवगढ़ विकास खंड में गत दिवस कलेक्टर ने बच्चो के भोजन किया, एवम रेड क्रॉस के सदस्यों डॉक्टर विनोद कुमार, ब्रह्ममूर्ती तिवारी,हेतराम गुप्ता, अरुण गुप्ता,आशिक बेग द्वारा स्वेटर, स्कूल बैग,जूते एवम खेल सामग्री वितरित की गई

### कक्षाएं प्रारंभ करने मांग

ग्रामीणों द्वारा कक्षा 9 वी ,10 वी की क्लास चालू करने का अनुरोध कलेक्टर अवि प्रसाद से किया ,कलेक्टर ने तुरंत ही अपने अधीनस्थ को इस विषय को नोट करने के लिए कहा। गौरतलब है कि बमनगवा माइनिंग प्रभावित गांव है और प्रधानमंत्री द्वारा माइनिंग प्रभावित गांवों के लिए विशेष उपलब्ध किए गए हैं।



### नए मित्र एवं सदस्य बने

कलेक्टर के बमनगवा आगमन पर पद्मा शुक्ला,राकेश गुप्ता, शिवानी शुक्ला,वैशाली विनोद पैगवार, प्रितेश पांडेय,महेंद्र मिश्रा, भरत शर्मा ,मनोज दुबे,नीरज बड़गैया,ऋषभ तिवारी ,आशुतोष दीक्षित,सुदेश समन,महेश जूरिक, पंकज गर्ग,संतोष कुमार अग्रवाल, अनूप सिंह द्वारा रेड क्रॉस सदस्य एवम निक्ष्य मित्र की सदस्यता दिलवाई गई , निक्षय मित्र बनने पर कलेक्टर ने सभी का आभार व्यक्त किया। एडवोकेट ब्रह्ममूर्ती तिवारी ने सभी सदस्यों का कलेक्टर से परिचय करवाया

### ये रहे उपस्थित

कलेक्टर के बमनगवा स्कूल आगमन पर एसडीएम महेश मंडलोई, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ,नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष केवट, जिला समन्वयक डेहरिया,बीईओ ए के कोरी, बीआरसी विवेक दुबे, महाविद्यालय प्राचार्य द्वय आशा तिवारी, महेश स्वर्णकार,प्रथ्विराज सिंह, गुरुदीप कपूर,आशिक बेग, रामकिंकर तिवारी समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। प्रधानाचार्य भारत शर्मा ने कलेक्टर अवि प्रसाद ,समस्त आगुंतक गण एवम दान दाताओं का आभार व्यक्त किया।

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमकी तैयारियों को लेकर हुई बैठक



अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के संबंध में स्थानीय स्तर पर आयोजन की तैयारी की जा रही है। रविवार को प्रात: 9 :15 बजे से सुरम्य पार्क में निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अधिकारी कर्मचारियों को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को अधिक से अधिक प्रचारित करने हेतु निर्देश दिए गए ।आयुक्त ने कहा कि 22जनवरी को घर घर दीप प्रज्जवलित करने लोगों को जागृत किया जाये। बैठक में उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार ,कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा ,सहायक यंत्री आदेश जैन, सुनील सिंह, अनिल जायसवाल , राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ,स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद प्यासी कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटेल, उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी, सुश्री मोना करेरा, स्टेनो आलोक तिवारी प्रभारी प्राचार्य ए. रविन्द्रनाथ उ.मा.वि. मनोज रैदास निगम के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# अमराडांड के जंगल में छिपा दिया था चोरी का ट्रक, दो आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र में 13 जनवरी की रात्रि कोयला प्लाट से चोरी गये ट्रक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। विदित हो कि धीरेन्द्र किशोर उर्फ रवि श्रीवास्तव पिता स्व. मुक्तेश्वरनाथ श्रीवास्तव 53 वर्ष निवासी मंगल नगर थाना रंगनाथनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई की लकी ट्रेडिंग नाम से कोयले के प्लांट में वाहन हाइवा क्रमांक MP21H1739 दिन में प्लाट के पास खड़ा कर दिया गया था। जब यह रात को करीब 8 बजे अपने कोयला प्लाट में पहुँचा तो इसका उक्त हाइवा ट्रक प्लाट के पास नही था। आस पास अपने हाइवा क्रमांक MP 21H 1739 का पता किया जो नही पता चला।

अपराध कायमी के पश्चात थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अभिषेक चौबे द्वारा सउनि तीरथ तेकाम को माल मुल्जिम की तलाश हेतु आदेशित किया गया एवं टीम गठित की गई जिसमें उप निरी विनोद सिंह, सउनि तीरथ तेकाम, प्र.आर. नरेन्द्र पटेल, सुनील पाण्डेय, आर. बालकृष्ण तिवारी आर. सत्येंद्र एवं अन्य स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश देकर रवाना किया गया। टीम द्वारा सचिन बर्मन, पवन कुमार बर्मन एवं सोनू बर्मन को अमराडांड यात्री प्रतीक्षालय के पास संदिग्ध अवस्था में बैठे मिलने पर संदेह के आधार पर पूछताछ की गई और आरोपी सचिन बर्मन, पवन कुमार बर्मन एवं सोनू बर्मन के द्वारा अमराडांड के जंगल में अन्दर तरफ छिपाकर रखे ट्रक क्रमांक MP21H1739 को जप्त कर कब्जे लिया। मामले के आरोपी सचिन बर्मन पिता स्व. सुनील कुमार बर्मन उम्र 26 वर्ष निवासी रबड फेक्ट्री रोड़ थाना कोतवाली कटनी, पवन कुमार बर्मन पिता राजू बर्मन उम्र 29 वर्ष एवं सोनू बर्मन पिता चन्द्रभान बर्मन उम्र 29 वर्ष निवासी हिरवारा थाना एन.के.जे. जिला कटनी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहाँ न्यायालय द्वारा आरोपियो को जेल भेज दिया है । जो न्यायिक अभिरक्षा में है ।

कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में उप निरी. विनोद सिंह, सउनि तीरथ तेकाम, प्र.आर. केशव मिश्रा, नरेन्द्र पटेल, सुनील पाण्डेय, आर. बालकृष्ण तिवारी, आर. सत्येंद्र और अन्य स्टाफ द्वारा कडी मेहनत एवं लगन से आरोपियो से चोरी के माल एवं मसरुका जप्त करने में सफलता प्राप्त की गई।

विधायकों, जिला पंचायत एवं जनपद अध्यक्षों ने दिये सुझाव

# थानों की सीमा और अधिकार क्षेत्र के युक्तियुक्तकरण संबंधी बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में थानों की सीमा और अधिकार क्षेत्र का युक्तियुक्तकरण संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इससे संबंधित आगामी बैठक अब सोमवार 15 जनवरी को कलेकट्रेट मे आयोजित की गई है।

बैठक के दौरान विधायक वियजराघवगढ़ श्री संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ,भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि द्वय श्री पद्मेश गौतम, विकास द्विवेदी, जनपद अध्यक्ष बहोरीबंद लाल कमल बंसल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अनुविभागीय अधिकारी कटनी प्रदीप मिश्रा, राकेश चौरसिया एवं विंकी सिंहमारे उईके सहित समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।



बैठक में आमजन की सुविधा की दृष्टि से थानों की सीमा क्षेत्र का निर्धारण जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझाव के आधार पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर किया जा रहा है। आयोजित बैठक में विधायकों, जिला पंचायत अध्यक्ष और सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम सहित अन्य जनप्रनिधियों नें नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर थानों की सीमा के युक्तियुक्तकरण हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में जिले के जिन ग्रामों को वर्तमान थाना क्षेत्र से अन्य थाना क्षेत्र में सम्मिलित किया जाना है, उनके विषय में विस्तार से चर्चा करने सोमवार 15 जनवरी को पुनः एक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त की ।

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पर कटनी में होंगे विविध आयोजन

# जिले में रामवन गमन पथ को सजाया जायेगा, मंदिरों में रामायण पाठ आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए कटनी जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश कलेक्टर अवि प्रसाद ने दिये हैं। इस संबंध में आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले भर में 15 से 22 जनवरी तक के विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को गरिमापूर्वक मनाने के लिये आवश्यक निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम से जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरूओं, महंत और मंदिरों के पुजारियों को सम्मानपूर्वक भागीदारी हेतु आमंत्रित करने के निर्देश दिए है।

इसके अलावा मंदिरों में 15 जनवरी से 22 जनवरी तक जन-सहयोग से राम कीर्तन और स्थानीयजनों की मदद से रामायण पाठ का आयोजन कराने और समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित करने के निर्देश दिये गये। साथ ही हर घर में दीपोत्सव के लिये आमजन को जागृत किया जायेगा। जिले के नगरों तथा गाँव में मौजूद राम मंडलियों को मोहल्लों तथा गाँव में स्थानीय कार्यक्रम के लिये प्रेरित किया जायेगा। जिले के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समितियों द्वारा धर्मगुरुओं के साथ समन्वय कर 22 जनवरी को भंडारों का आयोजन किया जा जायेगा। साथ ही कटनी होकर ट्रेनों या सड़क मार्गो से अयोध्या जाने वाले तीर्थ यात्रियों का सम्मान और स्वागत की व्यवस्था करने कलेक्टर ने निर्देशित किया है। जिले में भगवान श्री राम के वनगमन पथ की साज-सज्जा और भक्तों एवं श्रद्धालुओं का सम्मान किया जायेगा।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के मुख्य मंदिरों में टी.व्ही. स्क्रीन लगाकर अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण करने की व्यवस्था कर लें । मंदिरों के आयोजन में आमजन की सहभागिता के लिये विशेष रूप से आमंत्रण दिये जाये। आवश्यक प्रबंध भी सुनिश्चित किये जाये। जिले के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समिति के माध्यम से स्वच्छता, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन भी किये जायें



### चलेगा विशेष सफाई अभियान

सभी नगरीय क्षेत्र में नगर निगम तथा ग्राम पचायतों में जिला पंचायत विभाग के माध्यम से 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान चलाया जायें। सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेजों में साज-सज्जा की जायेगी। कटनी के सभी शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। समस्त शासकीय कार्यालयों में 21 से 26 जनवरी तक रोशनी की जायेगी।

जन-अभियान परिषद के सहयोग से 22 जनवरी तक प्रभात-फेरी एवं कलश-यात्रा, 22 जनवरी को मंदिरों, पवित्र नदियों, जलाशयों में दीपदान एवं प्रकाश व्यवस्था, स्थानीय कलाकारों एवं संस्थाओं के सहयोग से श्रीराम-जानकी जी से संबंधित चित्र, शिल्प, रंगोली आदि के साथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिचर्चा, नृत्य-नाटिका, भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा।

स्कूलों और कॉलेजों में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम से संबंधित तीन वर्गो में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें प्रथम वर्ग मे कक्षा 6 से 8, द्वितीय वर्ग में कक्षा 9 से 12 तथा तृतीय वर्ग में महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता होगी। सभी विजेता प्रतिभागियों को 26 जनवरी को मुख्यमंत्री की ओर से पुरस्कृत व सम्मानित किया जायेगा।

सभी ग्राम पंचायतों में श्रीराम कथा सप्ताह मनाया जायेगा। जिसमें गायन, कथा-वाचन, रामरक्षा स्त्रोत, रामचरित मानस पाठ आदि पर प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यमंत्री की ओर से प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह में पुरस्कार वितरण को जिला मुख्यालय पर किया जायेगा।

बैठक मे जिला पंचायत के सी.इ.ओ शिविर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, निगमायुक्त विनोद कुमार शुकला सभी एस.डी.एम, तहसीलदार, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिह और सभी जनपद पंचायतों के सी.ई.ओ वर्चुअली जुडे रहे।

# वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों को गर्म कपड़े किये वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

समाजसेवी संस्था मुस्कान ड्रीम्स फाउंडेशन ठंड के महीनों में जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मंदिरों के बाहर भिक्षावृक्ति करने वाले भिक्षुओं को हमेशा से गर्म कपड़ों और कंबलों का वितरण करती आ रही है। गत दिवस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय और जिला प्रशासन से अनेकों बार सम्मानित अलंकृत समाजसेवी अधिवक्ता मंजूषा गौतम के नेतृत्व में किया गया।

मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रीमती भारती नागवानी, श्रीमती अमिता श्रीवास्तव रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी श्रीमती पूनम बसरानी, एवं समाजसेवी पूजा लालवानी कार्यक्रम का मार्गदर्शन वृद्धा आश्रम की संस्थापिका समाजसेवी श्रीमती सरोज बच्चन एवं अशोक शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। मकर संक्रांति के महापर्व एवं लोहड़ी पर्व के अवसर पर वृद्धा आश्रम में जाकर मुस्कान ड्रीम फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों ने वहां पर रह रहे बुजुर्गों को गरम कंबलों का आयोजन वितरण कर सभी को मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में आशीष, प्रशांत, सजल, बसंत, राजेंद्र गौतम, अजय मिश्रा, अजीत चौहान, पंडित सम्राट गौतम एवं विराट गौतम ने सभी बुजुर्गों का एंव सभी सहयोगी जनों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद दिया।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल को दी विदाई

**पन्ना।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल रविवार को सुबह पुलिस लाइन पन्ना स्थित हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा उत्तर प्रदेश के लखनऊ रवाना हुए। इस मौके पर सांसद विष्णुदत्त शर्मा सहित पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर हरजिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने राज्यपाल को विदाई दी। राज्यपाल श्री पटेल विकसित भारत संकल्प यात्रा और अन्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एक दिवसीय प्रवास पर पन्ना आए थे।

### सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण कार्यक्रम

**पन्ना।** पन्ना जिले में सोमवार, 15 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा 10 ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी। पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत भटहरमेघा एवं डडवरिया, अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मझगांय एवं पड़रहा, गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नचने एवं भटिया, पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मुड़वारी एवं मुरकुछु तथा शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पुरैना एवं सुगरहा में यात्रा का आगमन होगा।

### प्रदर्शनी के माध्यम से दी जानकारी

**पन्ना।** जिले में आज संपन्न हुए 9 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम के मौके पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को प्रदर्शनी के माध्यम से दी गई।

## आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

# अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर व क्षेत्र में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा संबंधी आयोजन में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी मंदिरों में भव्य ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने के साथ आमजन को जागृत कर कार्यक्रम से जोड़ने राज्य शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग के आदेशानुसार रविवार को जनपद पंचायत के सभागार कक्ष में विधायक उमादेवी खटीक के मुख्य आतिथ्य व प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया पूर्व विधायक विजय सिंह राजपूत जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी छिरोलिया की उपस्थिति एसडीएम रीता डेहरिया की अध्यक्षता में जनपद सीईओ बीएस यादव सहित नगर व क्षेत्र की मंदिरों के महंत पुजारियों व गणमान्य जनों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम रीता डेहरिया द्वारा बताया गया कि नगर व क्षेत्र में 16 से 22 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से राम कीर्तन आदि के आयोजन समस्त मंदिरों में दीप प्रज्वलन कर किए जाएं प्रत्येक ग्राम में 11 जनवरी से 22 जनवरी तक जन अभियान के सहयोग से कलश यात्रा एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया जाए। सप्ताह भर सभी मंदिरों में समितियां व जन सहयोग के माध्यम से राम कथा भजन कीर्तन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिरों में सार्वजनिक स्थलों जलाशयों पर दीपदान किया जाए। वही 14 से 21 जनवरी के बीच मंदिरों जलाशय पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए एवं 21 से 26 तक सभी शासकीय कार्यालय में विशेष लाइटिंग सज्जा कर रोशनी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। नगर व क्षेत्र की मुख्य मंदिरों में टीवी स्क्रीन लगाकर अयोध्या की कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। मंदिरों में आयोजन में आम जनों की सहभागिता के लिए विशेष रूप से सभी को आमंत्रित किया जाए तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समिति के द्वारा भंडारों का आयोजन किया जाए। इस पर उपस्थित मंदिर प्रमुख द्वारा अपने-अपने मंदिरों में कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाए जाने की बात कही। बैठ के दौरान बड़ा बाजार स्थित राम मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा 22 जनवरी को मंदिर में भगवान श्री राम जानकी आधारित संस्कृतिक आयोजन किए जाने की बात कही। इसी के साथ नगर के गौरीशंकर मंदिर स्थित पीतांबरा पीठ में 22 जनवरी को सुबह से लेकर रात्रि तक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर द्वादश महा रुद्राभिषेक संगीतमय सुंदरकांड व महाआरती के साथ 5100 दीप प्रज्वलित किये जाने की बात कुंवर मानवेंद्र सिंह हजारी द्वारा बताई गई। वहीं नगर के भूतेश्वर मंदिर कमेटी के सदस्य अमिताभ चतुर्वेदी पवन ठाकुर ने बताया कि मंदिर में विशेष कार्यक्रम के आयोजन के अलावा विशाल गौ भंडारा का आयोजन किया जावेगा। वही नगर की बजरंग अखाड़ा मंडी के बगीचा में भी 21 हनुमान चालीसा सुंदरकांड के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा वही नगर की पुलिस थाना मंदिर में सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ के साथ विशेष आतिशबाजी कर भंडारे का आयोजन अभिषेक चौरसिया के द्वारा किया जाएगा। बैठक के दौरान पंडित राजू पांडे ने बताया कि अयोध्या राम मंदिर भूमि पूजन के साथ हटा नगर में नायक तिगड्डा से नगर के मुख्य मार्गों पर प्रातः कालीन श्री राम प्रभात फेरी निरंतर निकाली जा रही है 22 जनवरी को बृहद रूप से भक्तजन प्रभात फेरी में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया। बैठक के दौरान मानवेंद्र हजारी ने सभी मंदिरों में कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ पानी की व्यवस्था बनाए जाने की बात अधिकारियों से कही। इसी के साथ ग्राम मडियादो, रनेह, सकोर गैसाबाद के मंदिरों में विशेष आयोजन किए जाने मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा बताई गई। बैठक के दौरान विधायक उमा देवी खटीक डॉक्टर रामकृष्ण कुसमरिया पूर्व विधायक विजय सिंह राजपूत ने भी 22 तारीख को ऐतिहासिक भव्यता के साथ विशेष दीपावली मनाए जाने की बात कही। बैठक के दौरान मुख्य रूप से श्री राम गोपाल जी मंदिर के महंत पंडित श्यामदास जी महाराज, बालाजी मंदिर के महंत पंडित हरिराम दास जी, चंडी जी मंदिर के पुजारी पंडित नीरज गोस्वामी, गौरीशंकर मंदिर पुजारी रामसुजान पाठक, डॉक्टर सीएल नेमा, विनय दवे, ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल, मनीष पलया, लक्ष्मण तिवारी, सुनील राय, सोमिल हजारी, बृजेंद्र सिंह राजपूत, रवि सोनी रितेश फौजदार, कन्हैया लाल पटेल, पार्षद मुन्ना लाल अहिरवार, अंजार खान, शैलेश पटेल, गंगाराम पटेल, जन अभियान परिषद से पुष्पा सिंह, रजनी दुबे, के अलावा नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे, पीडब्ल्यूडी से राकेश अग्रवाल, पंचायत निरीक्षक राजेश पाराशर, के अलावा अन्य विभागों की अधिकारियों सहित नगर व क्षेत्र के गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

# सघन वाहन चेकिंग अभियान से रही हड़कंप,13 हजार रुपए वसूला जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

पुलिस अधीक्षक महोदय की निर्देशन पर जबेरा सिंग्रामपुर पुलिस ने सघन वाहन चेंकिंग अभियान चलाया। जबेरा थाना प्रभारी विजय अहिरवार के नेतृत्व चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस ने बिना मानक के चलने वाले करीब दो दर्जन वाहनों को पकड़ जुर्माना लगाया। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर वाहन चेकिंग अभियान चला बिना मानक के वाहन चलाने वाले चालकों को सबक सिखाया तथा उनपर आर्थिक जुर्माना लगाया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने ट्रक से लेकर बस दो पहिया वाहनों को पकड़ा। जिनके चालकों द्वारा बगैर मानक पूरा किये वाहन चलाया जा रहा था। किसी ने हेलमेट तो किसी ने सीट बेल्ट नहीं लगाया था तो किसी के वाहन के कागजात पूरे नहीं थे। इस दौरान पुलिस ने इन वाहन चालकों से 13हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला। पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाने से दुपहिया चालकों में हड़कंप मचा रहा। कई वाहन चालक पुलिस के अभियान को देख दूसरे रास्ते से निकल कर भागते दिखे तो कई जुर्माना नहीं करने की पुलिस से गुजारिश करते दिखे लेकिन पुलिस ने यातायात नियमों के नसीहत देते हुए चालानी कार्यबाही कि सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुढ़े ने बताया आगे भी इसी तरह सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। और वाहन चालकों से अपील की गई है की यातायात नियमों का पालन करें और परेशानी से बचें इस दौरान 26 वाहन चालकों के विरुद्ध 13 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया है बाहन चेकिंग अभियान के दौरान जबेरा एवं सिंग्रामपुर पुलिस स्टाफ की मौजूदगी रही।

# सिंग्रामपुर प्रीमियर लीग का हुआ शुभारंभ

**सिंग्रामपुर।** रानी दुर्गावती क्रिकेट ग्राउंड में सिंग्रामपुर प्रीमियर लीग के चौथे चरण का शुभारंभ हुआ स्वर्गीय सोनू जैन स्वर्गीय रवि यादव की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रूपेश सेन क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। उद्घाटन मैच नोहटा मझौली के बीच खेला गया टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नोहटा ने मझौली को 16 ओवर में 57 रन का लक्ष्य दिया। वही मझौली की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल करते हुए जीत दर्ज की उद्घाटन मैच समारोह में रूपेश सेन, राजेंद्र राय, गोलू साहू अजय सोनकर, मुलायम चंद जैन, अजय राय, भागचंद यादव, दीपक यादव, मुकेश राय (अंबानी) की मौजूदगी में क्रिकेट मैच का आनंद उठाने के के लिए दर्शक दीर्घा में बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों की उपस्थित रही।

# बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है, इसी समय संस्कारों का आरोपण होना चाहिये

**दमोह।** नगर के बेलाताल टापू साईं बाबा मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा वाचक पं कमलेश्वर आनंद ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए, चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। कथा में उत्तानपाद के वंश में धुरव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त धुरव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है। उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है. कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया। साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया। कथा यजमान दुबे परिवार ने सभी से कथा श्रवण करने आग्रह किया है।

# श्रीमद् भागवत कथा का भव्य कलश यात्रा से हुआ शुभारंभ

**बनवार।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में भगवान श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जगह-जगह विविध धार्मिक आयोजन का सिलसिला मकर संक्रांति पर्व से शुरू हो गया है जिसके चलते ग्राम नोहटा श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई श्रीमद् भागवत कथा 20 जनवरी तक चलेगी कथा व्यास आचार्य उमाशंकर शास्त्री श्री वृंदावन धाम के सानिध्य में कन्याओं के द्वारा नए वस्त्र धारण कर सर पर कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल हुई। कथा आयोजन भागवत सेवा समिति नोहटा एव राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी गृह ग्राम मैं आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ के पहले गौरैया नदी से त्रिवेणी संगम में कलश भर के ग्राम की गलियों से कलश यात्रा खेर माता मंदिर





सत्यनारायण भगवान मंदिर नोहलेश्वर शिव मंदिर से होते हुए कथा स्थल पहुंची। जहां पर विधि विधान के साथ श्रीमद् भागवत कथा की बैठकी संपन्न हुई। कथा व्यास पंडित उमाशंकर शास्त्री मैं कथा के प्रथम दिवस श्रीमद् भागवत की महिमा एवं धुंधकारी कथा का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन में भक्ति का बड़ा महत्व है। श्रीमद् भागवत कथा श्रवण पान से धुंधकारी जैसों का उद्धार हो गया उन्होंने कहा भागवत कथा सुनने वाले इंसान को सुख व शांति की प्राप्ति होती है इसलिए निरंतर ही भगवान की पूजा कर और उनकी भक्ति करना चाहिए और अपने जीवन कल में एक बार अवश्य भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा सुनने से हमारे जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं । और इसको सुनने से मन में आध्यात्मिक विकास होता है इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित रही।

# सीएम राइज स्कूल पथरिया में हुए विभिन्न कार्यक्रम



**पथरिया।** विवेकानंद जयंती के अवसर व मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सीएम राइज स्कूल में वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व पर निबन्ध लेखन, चित्रकला एवं भाषण कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य केपी बिदोल्या, डीपी पटेल, अनिल पटेल, पवन पटेल रामेंद्र सुमन, शरद विश्वकर्मा, कीर्ति अशोले, कुलदीप जैन, रमाशंकर पौराणिक, अर्चना यादव, हीरालाल बंसल, निष्ठा जैन, जनक सिंह, लोधी गौतम रजक, शिवम चौरसिया, संकेत जैन, रामविशाल विश्वकर्मा सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# पुलिस इलेवन ने दमोह बिजोरा टीम को हराकर जीती ट्रॉफी

### किंग खान स्टेडियम में कल खेला गया था फाइनल मुकाबला



**बनवार।** दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे 17 मील के पास किंग खान स्टेडियम मैं आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच रविवार को पुलिस इलेवन दमोह बिजोरा के बीच खेला गया। पुलिस इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 310 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में उतरी बिजोरा की टीम मात्र 105 रन पर पूरी टीम सिमट गई। एक तरफा मैच में पुलिस इलेवन दमोह ने फायनल मैच जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। फाइनल मैच समारोह के मुख्य अतिथि जिला सदस्य दृगपाल सिंह ,हिनौती खेत सिंह सरपंच रानू जैन,डॉ नन्हे भाई , डॉ हिम्मत सिंह हंसराज सिंह ,किंग खान ढाबा संचालक राजा खान, ग्राम रोहिणी सहित आयोजन समिति के सदस्य सुरेंद्र सिंह ठाकुर, रतन सिंह ठाकुर ,कल्लू सिंह ठाकुर ,गुल्ली आदिवासी, नारायण सिंह ठाकुर, मुकेश वंश बिर्ते, हंसराज सिंह ठाकुर रूपलाल अहिरवार की उपस्तिथि रही। वही फाइनल मुकाबले का आनंद उठाने के लिए दर्शक दीर्घा बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों की उपस्थित रही।

# मकर संक्रांति पर्व मनाया



**दमोह।** महिला जैन मिलन नेमीनगर शाखा दमोह क्षेत्र-10के द्वारा परंपरागत मकर संक्रांति का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम रेलवे स्टेशन पर वृद्धों, पुरूषों,महिलाओं और बच्चों को शाखा की वीरांगनाओं के द्वारा तिल गुड़ के लड्डू, मिठाई, और टाफियां बाटी गई। इसके बाद ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़े, कंबल और साड़ियां तथा कुछ पुराने वस्त्र भी गरीबों को वितरित किए गए । कार्यक्रम के द्वितीय चरण में शाखा की सभी वीरांगनाओं के द्वारा सूर्य के उत्तरायण होने पर देव दर्शन का पर्व मनाने हेतु देवाधिदेव आदिनाथ भगवान कांच मंदिर में देव दर्शन एवं देव स्तुति की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री अतिवीरांगना कविता ऋषभ जैन, सह चेयर पर्सन वीरांगना रश्मि आनंद जैन, शाखा की मंत्री वीरांगना डॉ सविता जैन जैन ,प्रचार मंत्री वीरांगना सीमा बाबा, वीरांगना सीमा आगरा, वीरांगना दिशा जैन, वीरांगना नेहा जैन ,वीरांगना संध्या जैन, वीरांगना डॉली जैन ,वीरांगना रोशनी जैन, वीरांगना पल्लवी जैन का विशेष सहयोग एवं उत्साह रहा।

# निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**दमोह।** हटा युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से संचालित नेहरू युवा केंद्र संगठन जिला दमोह उप निदेशक सुधीर सिंह एवं तेज खान के निर्देशन में विकासखंड हटा के रमाकवि वार्ड में युवा सप्ताह में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय वरिष्ठ शिक्षक श्रीमती शगुप्ता फरहत एवं श्रीमती ममता विश्वकर्मा वही निर्णायक मंडल में श्रीमती कमरून निशा एवं श्री अरशद परवेज उपस्थित रहे वही निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया गजाला खान ने द्वितीय स्थान पर बसिपा खान और तीसरे स्थान प्राप्त आफरीन खान ने वही कार्यक्रम प्रभारी सोमनाथ विश्वकर्मा ने प्रतियोगिता का संचालन किया

# बण्डा टीम ने किया टूर्नामेंट पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिनौताकलां




हटा तहसील के ग्राम मुहरई में माँ अंजनी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच शाहपुर क्रिकेट टीम और बण्डा क्रिकेट हीम के बीच खेला गया। टेनिस बॉल से खेले गए इस क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच 16- 16 ओवर का खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बैटिंग कर बण्डा टीम ने कुल 184 रन बनाए जिसके जवाब में शाहपुर टीम 169 रन बना पाई और बण्डा टीम 15 रन से मैच जीतकर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट बहुत ही भव्य तरीके संपन्न कराया गया। फायनल मैच में आयोजक मण्डल द्वारा डीजे और डांसरों की व्यवस्था भी की गई। इस सफल आयोजन में मायाराम पटेल, गिरीशसाव, योगेश पटेल, रवि पटेरिया, हरेन्द्र पटेल एवं श्रीकांत पटेल की विशेष भूमिका रही। अतिथियों में विधायक उमा देवी खटीक, आर एसएस के संभागीय कार्यवाहक रामलाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम लोधी, भाजपा नेता गोपाल पटेल, भाजपा नेता गोपाल पटेल, हिनौता से हर्षवर्धन पटेल, भरत राय, महेश्वर सिंह, लक्ष्मन तिवारी, शैलेन्द्र सोनी, हेतराम पटेल, उत्कर्ष पटेल के साथ अधिकारियों में एसडीओपी हटा एवं थाना प्रभारी गैसाबाद की भी उपस्थिति रही। मैच के पश्चात अतिथियों द्वारा पुरूस्कार वितरित किए गए। आयोजक मण्डल द्वारा विजेता वण्डा टीम को 21000 रु. की नगद राशि पुरुस्कार के रूप में दी गई। उपविजेता टीम शाह 7500 रु. की राशि पुरुष्कार स्वरुप दी गई। मैन ऑफ द मैच के दिनेश एवं मैन आफ द सीरीज सोमपाल रहे।

# शीतला माता मंदिर घाट पर चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अयोध्या धाम नगरी में रामलला के आने की खुशी में मंदिरों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाएं जाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सभी से आग्रह किया गया जिसके परिपालन में रविवार को नगर के समाजसेवियों द्वारा जो प्रत्येक रविवार को मुक्तिधाम में सफाई अभियान के तहत मुक्तिधाम को सुंदर व स्वच्छ बनाने का कार्य निरंतर कार्य करते आ रहे है जिनके द्वारा सुनार नदी के शीतला माता घाट पर समूचे मंदिर प्रांगण के साथ नदी के घाट पर प्रातः कालीन ठंड में साफ सफाई की गई। रविवार की सुबह नगर के समाज सेवायों ने मां शीतला के दरबार से लेकर घाट के समीपस्थ विराजमान श्री राम के दरबार तक झाड़ू लगाकर कचरा इकट्ठा कर जलाया गया और नदी तक साफ सफाई कर दरबार को साफ स्वच्छ सुंदर बनाने का सराहनीय कार्य किया। सफाई अभियान के उपरांत समाजसेवियों ने वार्ड पार्षद एवं नगर प्रशासन से घाट की मरम्मत एवं तार फेंसिंग कराए जाने का आग्रह किया। सफाई अभियान में समाजसेवी राजाराम गोस्वामी, अशोक चौरसिया चंपी, पुष्पेंद्र पांडे, नारायण तंतुवाय, प्रकाश तंतुवाय , सौरभ, सुरेंद्र, प्रशांत, मोहि ,कामता प्रसाद, दिलीप, शिवशंकर कुशवाहा, लोकेश, भागीरथ, आदि समाजसेवियों की उपस्थिति रही।

## वन भूमि का सीमितकरण व सकरिया हवाई अड्डे को प्रारंभ करवाने के लिए राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के 13 जनवरी को पन्ना के आदिवासी बाहुल्य ग्राम सकरिया पहुंचने पर पन्ना डेवलपमेंट फोरम के पदाधिकारियो ने उनसे मुलाकात कर उन्हें वन भूमि का सीमितकरण एवं सकरिया हवाई अड्डे को प्रारंभ करवाई जाने की मांग की गई। सौपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पन्ना जिला डेवलपमेंट फोरम द्वारा यह संज्ञान में लिया गया कि जिले में वन भूमि सहित नेशनल पार्क का क्षेत्रफल 80 प्रतिशत से अधिक हो गया है जबकि संविधान में किसी भी जिले में वन भूमि का क्षेत्रफल 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए पन्ना जिले में कृषि भूमि एवं औद्योगिक विकास की आवश्यकता है जिससे आम जनता की प्रति व्यक्ति आय बढ़ सके वैसे भी पन्ना अत्यंत पिछड़ा जिला है पत्थर खदानें हीरा खदानें व अन्य खदानें बंद होने से यहां के हजारों परिवार बेरोजगार हुए आम जनता को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु पन्ना जिले में भी उद्योग व अन्य लघु उद्योग इकाइयां स्थापित होना चाहिए। दिए गए ज्ञापन में बतलाया गया है कि पन्ना का एकमात्र उद्योग एनएमडीसी हीरा खनन परियोजना भी वन भूमि व नेशनल पार्क के कारण प्रभावित हुआ था। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि संविधान के अनुसार 40 प्रतिशत भूमि वन विभाग को एवं शेष भूमि राजस्व विभाग घोषित किए जाने के लिए कार्यवाही की जाए वही डेवलपमेंट फोरम के द्वारा दिए गए ज्ञापन में पन्ना जिले के सकरिया हवाई अड्डे को प्रारंभ करवाई जाने की मांग करते हुए कहा गया है कि पन्ना शहर से 11 किलोमीटर दूर सकरिया हवाई अड्डा बहु प्रतीक्षित से आयाम को जोड़ने हेतु आतुर है ।

## खबर संक्षेप

### बफर जोन क्षेत्र का निरीक्षण किया

**दमोह।** पन्ना टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ब्रजेन्द्र झा आज मड़ियादो बफरजोन क्षेत्र भृमण पर पँहुचे। यंहा उन्होंने इको पर्यटन क्षेत्र गौमुख धाम अनुभूति स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया और पर्यटन क्षेत्र में कचरे के बेहतर प्रबंधन के लिए अमले को निर्देशित किया। भृमण के दौरान वनपरिक्षेत्र अधिकारी हृदेश हरि भार्गव, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बीएस कोल, सुधाकर पांडे, वीरेश खटीक, ऋषि पटेरिया सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### मकर संक्रांति पर आयोजन आज

**सगोनी।** प्रतिवर्ष अनुसार मकर संक्रांति के पावन पुनीत अवसर पर 15 जनवरी दिन सोमवार पटेरिया सदाशिव मंदिर मोती नाला तालाब पर शिव पूजन, हवन, कन्याभोज, ब्राम्हण भोजन भण्डारा एंव प्रसाद वितरण का भव्य कार्यक्रम रखा गया है जिसमें दिवारी नृत्य एवं पुरस्कार वितरण दोपहर 2 बजे से होना है। कार्यक्रम में श्री श्री 108 डॉ. हनुमानदास जी महाराज (गीताधाम जबलपुर) के श्रीमुख से प्रवचन किये जाएंगे। ग्राम पटेरिया के बाकल रोड़ पर कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें आचार्य पं. अजय पांडे, विष्णु अवस्थी, मुख्य आयोजक संतोष पांडे, दरयाव राय, लालसींग, प्रमोद, सज्जन, मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार परोहा, क्षेत्रीय विधायक हटा उमादेवी खटीक, मुलाम राय, ऋषि पौराणिक, संस्कार पांडे एंव समस्त ग्रामीणों को आमंत्रित किया है। वही ग्राम पंचायत गाडाघाट में चल रहे क्रिकेट मैच के टूर्नामेंट मे फाइनल मैच बखलेटा और आदर्श क्लब गाडाघाट के बीच मे खेला जायेगा।

### विकास अग्रवाल बने युवा जिला अध्यक्ष



**दमोह।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के सागर संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल जिला अध्यक्ष पदम इटोरिया युवा संभागीय अध्यक्ष राहुल अग्रवाल गणेश अग्रवाल के द्वारा दमोह युवा इकाई का अध्यक्ष विकास अग्रवाल को बनाया गया। अब संपूर्ण दमोह जिला के युवाओं का नेतृत्व विकास अग्रवाल करेंगे। उनकी इस पदोन्नति पर सभी वैश्य बन्दुओं,मित्रो ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान दी है। शीघ्र ही दमोह जिले में नई इकाई का गठन कर समाजिक कार्यो को गति प्रदान की जाएगी।

### अनिल पुजारी को पितृ शोक



**पटेरा।** जैन समाज के ख्यातिलब्ध पुजारी अनिल कुमार जैन, निर्मल कुमार, अमरचंद जैन के पिता श्री उदय चंद जैन (जमुनिया वालों) का 73 वर्ष की आयु में अकास्मिक देहावसान बीते दिवस हो गया है। सभी वर्ग के नागरिकों ने अंतिम संस्कार में भाग लेकर शोक संवेदना प्रकट की। श्रद्धांजलि सभा 18 जनवरी को होगी।

## सूर्य के उत्तरायण का पर्व मकर संक्रांति आज, स्नान दान का है विशेष महत्व

# महादेव घाट: नदी की जलधारा में बैठे महादेव, बाढ़ में भी टस के मस नहीं होता शिवलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सूर्य के उत्तरायण का पर्व मकर संक्रांति का त्योहार बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। हिंदू धर्म में मकर संक्रांति के पर्व का विशेष महत्व होता है। मकर संक्रांति पर स्नान, सूर्यपूजा और दान का विशेष महत्व होता है। इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व बहुत ही विशेष योग में मनाया जाएगा। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब सूर्य मकर राशि में आते हैं तब मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। 15 जनवरी को सूर्यदेव अपने पुत्र शनिदेव की राशि मकर में प्रवेश करेंगे। इस साल मकर संक्रांति सोमवार के दिन पड़ रही है और ऐसा संयोग 5 वर्षों बाद बन रहा है। वहीं इस बार मकर संक्रांति पर 77 साल बाद वरियान योग का संयोग भी बन रहा है। मकर संक्रांति पर स्नान और दान करना पुण्य का काम माना जाता है। आज जिले के मड़कोलेश्वर, बांदकपुरधाम, जरारूधाम, जटाशंकर, महादेव घाट आदि स्थलों पर बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है।

### घाट पर उमड़ेगे श्रद्धालु, मेला का होता है आयोजन



बनवार। दमोह जिले की जनपद जबेरा के ग्राम रोड से निकली शून्य नदी की बीच जल धारा में अटल शिव लिंग महादेव घाट धाम पर इलाके के लोगों की गहरी आस्था है। मकर संक्रांति पर यहां भगवान शिव की पूजा के बाद मेले की शुरुआत होती है। इलाके के लोगों को इस मेले का इंतजार रहता है। ये मेला 15 दिन तक चलता है।महादेव घाट जहां नदी की बीच जलधारा शिवलिंग के रूप शिव जी विराजे हुए हैं। ये स्थल बहुत प्रसिद्ध हैं। अपने अद्भुत चमत्कारों के लिए यह धाम प्रचलित है। मकर संक्रांति के दिन में यहां पहले पूजा पाठ की जाती है और फिर 15 दिवसीय मेले का आयोजन शुभारंभ होता है बताते है। महादेव घाट में विराजे शिवलिंग स्वप्न देकर प्रगट एक चट्टान के नीचे से प्रकट हुए थे। मान्यता है की शून्य नदी के कंकड़ पत्थर में शिवलिंग की आकृति आकार लेती है। जिसका चमत्कारिक अंदाज बनवार घाट सिद्ध धाम के पास एक चट्टान में जलहरी सहित शिवलिंग की आकृति धीरे-धीरे आकर लेती चली जा रही है। चट्टान पर मेले भरने जैसी आकृति दिखाई देती है जिसे जानकर हर कोई हैरान हो जाता है।

**सपने में दिखा शिवलिंग :** महादेव में विराजे शिव लिंग खोज को लेकर झरौली निवासी घनश्याम दास वैष्णव बताते हैं कि इस धाम की खोज के पीछे भी चमत्कार है। गणेश दास वैष्णव की चौथी पीढ़ी के घनश्याम दास वैष्णव पुजारी के मुताबिक शादियों पहले महादेव घाट शून्य नदी में विराजे शिवलिंग की खोज हुई थी। उस दौर के पूर्वजों एक रात सपना आता है. जिसमें नदी के बीच में शिवलिंग होने की बात वह बताते हैं। जिसके बाद पूर्वज वहां के रोड़ ग्राम के लोगों पास जाते हैं और फिर उन्हें पूरी बात बताते हैं। फिर वहां के लोगों के साथ मिलकर शून्य नदी के बीच की चट्टान खुदाई की गई। तो शिवलिंग दिखाई दिया और चट्टान पर शिवलिंग विराजमान कर दिया तब से लेकर अभी तक यथा स्थिति में इस चट्टान पर शिवलिंग विराजमान है। और इस समय से मकर संक्रांति के अवसर पर शिवलिंग की दर्शनों के लिए उमड़ी भारी भीड़ पूरे एक पखवाड़े तक एक सी बनी और मेले लगने की परंपरा शुरू हुई। जहां पर मकर संक्रांति के दिन क्षेत्र भर के लोग शून्य नदी में आस्था की डुबकी लगाते हैं और भगवान शिव के दर्शन जलाभिषेक करते हुए दान पुण्य करते हैं जिसके तत्पश्चात महादेव घाट मेला का आनंद उठते हैं। मेले में लगने वाली दुकानों से घरेलू सामान खरीदते हैं सोना चांदी की दुकान भी यहां लगती हैं। लोग शादी विवाह के लिए खरीदारी करते हैं। यहां पर झूले हिंडोला भी आते हैं। जिसका आनंद युवा बच्चे सभी उठाते हैं वही मेला स्थल की धर्मशाला में प्रतिबीर्षानुसार रामायण पाठ का भव्य आयोजन पूरे मेला भर चलता रहता है ।

### बरसात में इसी नदी के अंदर छुपा रहता है चबूतरा, आस्था और श्रद्धा का संगम बना जलखंडेश्वर धाम

**गैसाबाद।** ग्राम गैसाबाद से करीबन 2 किलोमीटर दूर दमोह और पन्ना जिला के मध्य मे ब्यारमा नदी के ठीक बीच में स्थित भगवान शिव शंकर की दिव्य शिवलिंग इस कलयुग में भी लोगों के मन को सुख शांति प्रदान कर रही है। सुप्रसिद्ध सदाशिव जलखंडेश्वर जलखंडी बाबा के नाम से प्रसिद्ध यह स्थान वास्तव में एक अनोखा आकर्षण का केंद्र बन चुका है। स्थान के विषय में बुजुर्ग बताते हैं कि सन 1917 में कुछ मछुआरे रोज की तरह मछलियां फंसा रहे थे तभी बार-बार उनके जाल में एक छोटा सा पत्थर का टुकड़ा फस जाता था जिसे जाल से निकाल कर



मछुआरे दूर फेंक देते थे। लेकिन वही पत्थर फिर दोबारा उनके जाल में फंस गया परेशान होकर मछुआरों ने उस पत्थर को एक ऊंचे टीले पर रख दिया। अपनी मछलियां पकड़ने लगे सुबह होते ही सन्यासी मठ के कुछ साधु संत नदी में स्नान करने आए तो अचानक ही उनकी निगाहें बीच नदी में एक टीले पर पड़े छोटे से शिवलिंग पर पड़ी। साधु संत स्नान आदि करके उस टीले पर पहुंचे और उस पत्थर को उठाकर सीधा जमाया। विधिवत उसकी पूजा अर्चना करने लगे तभी से लेकर आज तक यह शिवलिंग वहीं पर स्थापित है। जहां कभी एक टीला हुआ करता था। उस जगह पर क्षेत्रवासियों द्वारा एक बड़े चबूतरे का निर्माण कर दिया गया। वर्तमान में वह छोटा सा पत्थर का टुकड़ा आज एक विशाल शिवलिंग बन चुका है जो भक्तों के दुख दर्द को दूर कर रहे हैं। यह चबूतरा नदी के ठीक बीच में स्थापित है। बरसात के मौसम में जहां चारों और पानी ही पानी नजर आता है। चबूतरा पानी में गुम हो जाता है लेकिन जैसे ही बरसात का मौसम खत्म होता है। पानी कम होने लगता है तो देखने को मिलता है कि चबूतरे पर बैठे शिवलिंग एवं नंदी बाबा 1 इंच भी इधर से उधर नहीं होते अपने याथा स्थान पर स्थापित पाए जाते हैं। छोटे-छोटे शिवलिंग विशाल शिवलिंग जलखंडेश्वर बाबा के चारों तरफ चिपके हुए मिलते हैं जिससे यह साबित होता है कि यह भी ज्योति लिंग का एक अंश है। जिसकी महिमा अपरंपार है। श्रद्धालुओं के बताएं मुताबिक पहले यह शिवलिंग इतना छोटा था कि पुजारी जी अपनी हथेली पर रखकर स्नान आदि करते थे। लेकिन धीरे-धीरे देखते ही देखते शिवलिंग का आकार इतना बढ़ गया कि आज 10 लोग मिलकर भी शिवलिंग को उठा नहीं सकते। इस पवित्र स्थान पर आज मकर संक्रांति के दिन मेला भी लगता है जिसमें आसपास के गांव के श्रद्धालु आकर शिवलिंग के दर्शन लाभ प्राप्त करते हैं। आसपास के वरिष्ठ बुजुर्ग लोगों ने बताया कि जब हम लोग पुराने चबूतरे को खोदकर नए चबूतरे का निर्माण कर रहे थे तो उस समय खुदाई के दौरान पुराने सिक्के मिले थे जिस पर महारानी विक्टोरिया शासन काल की आकृति दिखाई दे रही थी। जिसमें सन 1835, 1908, 1910 अंकित था लोगों की माने तो यहां पर एक बहुत पुराना सन्यासी मठ था। इस स्थान की मुख्य विशेषता यह है कि यह नदी के बीचो-बीच स्थापित है जिससे श्रद्धालुओं को पानी में से होकर जाना पड़ता है। लोग पवित्र होकर ही चबूतरे तक पहुंचाते हैं। भागवत आचार्य पंडित श्री देवेंद्र पांडे जी ने बताया कि जलखंडेश्वर जलखंडी बाबा के दर्शनों का विशेष महत्व है। यहां के दर्शन मात्र से श्रद्धालुओं को सुख शांति समृद्धि प्राप्त होती है। मकर संक्रांति के पर्व पर शिवलिंग पर जल अभिषेक करने से प्राणियों की मनोकामना पूर्ण होती है।

# बिजली सुधार रहे लाइनमैन की करंट लगने से मौत



**दमोह।** एक लाइनमैन की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो जाने से उसके घर में मातम रूपी अंधेरा फैल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहगढ़ विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत कार्यरत महेश रजक उम्र करीब 40 वर्ष की रविवार शाम बिजली के खंभे पर चढ़कर विद्युत लाइन दुरुस्त करते समय करंट लगने से पोल पर ही तारों से चिपक जाने से प्राण पखेरू उड़ जाने का दुखद घटनाक्रम सामने आया है। घटना के बाद देर तक लाइन मैन का शव पोल तथा तारो क बीच चिपक कर लटकता रहा। बाद में नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और सब कुछ नीचे उतरवाया गया लेकिन तब तक अंधेरा हो जाने की वजह से पंचनामा कार्यवाही भी नहीं हो सकी थी। बताया जा रहा है कि दैनिक वेतन भोगी लाइनमैन महेश रजक रविवार शाम नरसिंहगढ़ विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत चपत पिपरिया के लाइन का सुधार कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक विद्युत सप्लाई चालू हो जाने के कारण इस करंट का जोरदार झटका लगा और वह बिजली तारों में ही उलझता हुआ चिपक कर लटक गया और उसकी वहीं पर मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों तथा नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस को घटना की सूचना दी लेकिन देर तक मौके पर किसी भी जिम्मेदार के नहीं पहुंचने से करीब 2 घंटे तक शव ऐसा ही लटकता रहा। बाद में पुलिस के पहुंचने पर शव को नीचे उतरवाया गया लेकिन अंधेरा हो जाने से पंचनामा कार्यवाही नही हो सकी थी। इधर इस घटना को लेकर ढिक्सर मंडला खेरूआ गांव के लोगों में जमकर आक्रोश व्याप्त है

## हत्या का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**दमोह।** पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम सागौनी खुर्द में हुये गोली चलाकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 12.01.24 को राहुल सींग लोधी निवासी ग्राम सागौनी खुर्द की रिपोर्ट पर आरोपी राजकुमार सिंह लोधी निवासी ग्राम सागौनी खुर्द के विरूद्ध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी राहुल एवं राहुल के चाचा राघवेन्द्र के द्वारा राहुल की भाभी से आरोपी को बात करने से मना करने पर गुस्साये आरोपी राजकुमार लोधी ने 12 बोर बंदूक से राहुल लोधी एवं राघवेन्द्र लोधी को जान से मारने के उद्देश्य से दो बार फायर किये जो एक गोली राहुल लोधी के बाजू से निकल गई एवं एक गोली राघवेन्द्र लोधी के पेट में लगने से दौरान इलाज के जिला अस्पताल दमोह मे मृत्यु हो गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन में श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय व श्रीमान एसडीओपी महोदय पथरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पथरिया व गठित टीम द्वारा प्रकरण के आरोपी को दिनांक 13 जनवरी 24 को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी निरी रजनी शुक्ला, उनि कादर खान, सउनि राकेश पाठक, प्रआर, संदीप कुशवाहा, प्र. आर. अवधेश, प्र.आर. अरूण, आर. ओमप्रकाश रैकवार, आर शैलेन्द्र शुक्ला, आर सोनू कुर्मी, आर. अनुरूद्ध, तथा सायबर सेल से प्रआर सौरभ टंडन प्र. आर. प्र.आर. राकेश अठ्या, का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# हर व्यक्ति जिम्मेदारी ले कि हम अपने परिवार को नशा मुक्त रखेंगे: राज्यमंत्री लखन पटेल

### विकसित भारत संकल्प यात्रा बटियागढ़ में सम्मिलित हुए राज्यमंत्री श्री पटेल ने दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



मोदी जी का सपना हैं, विकसित भारत संकल्प यात्रा में जो पात्र हितग्राही वंचित रह गए हैं, वह एक जगह एकत्रित होकर अपने आवेदन दे सके। अपनी समस्या का निदान करवा सकें। हम हमेशा विकास की बात करते हैं, हम कोशिश करें, हमारे परिवार के लोग नशे से दूर , व्यसन से दूर रहें, यह एक ऐसा जहर हैं, जो युवा पीढ़ी को बर्बादी की कगार पर ले जा रहा हैं, सबकी जिम्मेदारी नहीं ली जा सकती लेकिन हर आदमी अपने परिवार की जिम्मेदारी ले कि हम अपने परिवार को नशा मुक्त रखेंगे, यह संकल्प लेकर यहां से जाएं। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने बटियागढ़ में आयोजित संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री पटेल ने कहा आप आप सभी के भरपूर आशीर्वाद और प्रेम की बदौलत में मंत्री बना हूं, आप सभी को में नमन और आभार व्यक्त करता हूँ। आप सभी इतना प्रेम नहीं देते तो यहां मैं आज ना हो पाता। कल मकर संक्रांति हैं, सभी को शुभकामनाएं, नए वर्ष की भी शुभकामनाएं, प्रभु से कामना हैं, आप दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करें। हम सभी सौभाग्यशाली हैं जिन्होंने राम मंदिर बनते देख रहे हैं। आगामी 22 जनवरी को मोदी जी उद्घाटन कर रहे हैं, इसी के उपलक्ष में आप सभी राम मंदिरों की साफ-सफाई अवश्य करें। आगामी 22 तारीख को प्रत्येक आदमी अपने घर में दीपक जला करके उत्साह पूर्वक त्यौहार को मनाए। गौरव करने वाला क्षण होगा श्रीराम मंदिर निर्माण। उन्होंने कहा हम नशा मुक्ति का अभियान अपने घर से ही चलाएंगे, प्रदेश और फिर देश तक ले जाएंगे, कोई काम ऐसा नहीं हैं, जिसमें आप दृढ़ संकल्प लेकर ना कर पाए। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत राज्यमंत्री लखन पटेल ने शपथ दिलाई। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने निर्देश दिये। कार्यक्रम में एसडीएम निकेत चौरसिया, तहसीलदार रोविन जैन, जनपद सदस्य मूरत सिंह, तुलसीराम, ऋषि पटेल, करन सिंह, कृष्ण कुमार, वेदराम पटेल, वीरेन्द्र पटैल, चेतराम पटेल, विमल सेठ, मुरारी पटेल, श्री कुड़ेरिया, जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन, अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पाईप लाइन लीकेज या नल बहने से पूरी सड़क पर कीचड़

पटेरा।

पटेरा नगर में बिछाई गई नई पाईप लाईन के बाद से सड़क की हालत पहले से भी दयनीय बना दिया है। लाइन खुदने से लेकर अब लाइन चालू होने के बाद भी लीकेज की समस्या जहां लोगों को पानी कम मिल रहा है वहीं सड़कों पर दलदल व कीचड़ मचा हुआ है। गत दिवस नगर में धार्मिक कार्यक्रम के तहत शोभायात्रा, कलश यात्रा निकाली गई तो पहले सड़क को उसी दिन पैदल चलने बनाने कर्मचारी सक्रिय रहे। आज तक परिषद द्वारा पाईप लाईन बिछाने वाली कंपनी के विरुद्ध कोई कार्यवाही या दबाव नहीं बनाया गया। सड़क की हालत दयनीय है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना से मुख्य सड़क व नाली निर्माण होना दो वर्षों से प्रतीक्षित है। नया ठेका स्थानीय ठेकेदारों को मिला है जो कहते हैं कार्य शीघ्र शुरू करेंगे पर उसकी तारीख नहीं बताएंगे।

## नहीं रहे जनसंघी माधव प्रसाद वाजपेई



**जबेरा।** नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता माधव प्रसाद वाजपेई का 92 वर्ष की दीर्घायु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली जिसमें राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पूर्व ऊर्जा मंत्री दशरथ सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। जनसंघ से जुड़े भाजपा के वरिष्ठ नेता माधव प्रसाद वाजपेई पूर्व जबेरा सरपंच रवि शंकर बाजपेई , विनोद कुमार बाजपेई के पिताश्री थे। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी से जुड़कर भाजपा की विचारधारा से लोगों को जोड़ा गया। वहीं कई बड़े आरएसएस के कार्यकर्ताओं के साथ रहे जिनके निधन की खबर लगते ही अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेता सहित अन्य जनप्रतिनिधि सभी वर्ग समुदाय के लोग शामिल हुए।

### राज्यमंत्री का किया सम्मान

**दमोह।** आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद से मंत्री पद प्राप्त हुआ है इस पद की गरिमा सदैव बनाए रखूंगा और समाज के हित में सदैव कार्य करने का प्रयत्न करूंगा। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज लोधी क्षत्रिय समाज दमोह एवं आलोक संघ के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किये। श्री लोधी ने कहा लोधी क्षत्रिय समाज एवं आलोक संघ दमोह के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुझे सम्मानित किया गया है उसका मैं सदैव आभारी रहूंगा। लोधी सामुदायिक भवन में आयोजित सम्मान समारोह में समाज के वरिष्ठ जनों ने कहा कि जिसके जैसे संस्कार होते हैं, वह व्यक्ति उतनी ही ऊंचाईयों को छूते हैं और उनमें से एक युवा धर्मेन्द्र सिंह लोधी है जिन्होंने समाज को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम के पूर्व राज्यमंत्री श्री लोधी ने महान वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# जैन मिलन के सदस्यों ने नव वर्ष मिलन कार्यक्रम में लिया पिकनिक का आनंद

### तीन कि. मीटर दूर पैदल चलकर किए चंदाप्रभु के दर्शन






**पटेरा।** श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह एवम पिकनिक का आनंद ब्यारमा नदी के किनारे हिनौती घाट बजाज कृषि फार्म में पहुंचकर लिया। मिलन शाखा के कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र बजाज द्वारा समूची व्यवस्था की गई थी। सभी ने पहुंचकर महावीर वंदना की। अध्यक्ष नरेंद्र बजाज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। सभी ने नव वर्ष एवम मकर संक्रांति की परस्पर हार्दिक बधाई दी। वर्ष भर होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गई। सभी ने बजाज कृषि फार्म के पीछे संजय निकुंज का भी भ्रमण किया। जिसके पश्चात पटपरा से कुलुवा तक पैदल जाकर चंदा प्रभु के दर्शन किए। बाटी भर्ता एवम मीठा नमकीन का आनंद लिया। इस अवसर पर समीपी ग्रामों के लोग भी पहुंचे व मिलन की गतिविधियों को जानकर सभी बधाई दी। खेत पर व्यवस्था उदयपुरा वाले पटेल व साथियों ने की। मिलन के सदस्य व पदाधिकारी बाटी बनवाने व सेंकने में भी सक्रिय रहे। कार्यक्रम में कुलूवा सरपंच प्रतिनिधि भारत जैन, संरक्षक विजय बजाज, निर्मल जैन शिक्षक की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में अध्यक्ष नरेंद्र बजाज, मंत्री महेश जैन, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र बजाज, कोषाध्यक्ष राजेंद्र रही, उपाध्यक्ष स्वतंत्र सेठ, नीलेश सराफ, श्रीकांत बड़कुल, गोकल चंद जैन, राजेश सेठ, जितेंद्र बड़कुल, पंकज जैन, अमित जैन, प्रशांत सेठ, मनोज सेठ, चौधरी अतुल जैन, राकेश जैन कुंडलपुर, जिनेश जैन वकील, प्रमोद बड़कुल, कोमल चंद जैन, अखिल सिंघई चिंटू सहित नगर के अनेक युवा शामिल रहे। अंत में अध्यक्ष नरेंद्र जैन बजाज ने सभी से सक्रियता से व एकजुटता से कार्य करने का आव्हान किया। आभार मंत्री महेश जैन ने माना। सभी वीर बंधुओ ने आयोजक राजेंद्र बजाज की अच्छी व्यवस्था के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।